## सार-समाचार

### अम्बालाल व्यास पुन : संयोजक बने

**जालोर**, (कासं)। विश्व हिन्दू परिषद जालोर से प्रेरित सनातन महोत्सव की भव्य बैठक सोमवार शाम सुन्देलाव तालाब स्थित हनुमानजी मंदिर प्रांगण में साधु संतों के सानिध्य में आयोजित की गई। सनातन महोत्सव समिति के संरक्षक कैलाश माहेश्वरी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद से प्रेरित सनातन महोत्सव की भव्य बैङ्क्क सोमवार शाम सुन्देलाव तालाब स्थित हनुमानजी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत पवनपुरी महाराज, पूरणदासजी महाराज, विहिप के प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख नरेश बोहरा, बंशीलाल सोनी व संयोजक अंबालाल व्यास सहित अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बैठक में कोषाध्यक्ष तरुण सिद्धावत द्वारा गत वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही विभिन्न भामाशाहों के सम्मान करते हुये उन्हें दुपट्टा पहनाकर भगवान श्रीराम की तस्वीर भेंट की गई। कार्य म में मुख्य वक्ता के रूप में नरेश बोहरा द्वारा बौद्धिक दिया गया। कार्य म को सफल व भव्य बनाने के लिये सोहन अग्रवाल, पोकरमल दाधीच, खिमसिंह आदि द्वारा सुझाव दिए गए। कार्य म के दौरान नई कार्यकारिणी के लिये संस्था के विधान में फेरबदल करते हुये सर्वसम्मति से अम्बालाल व्यास को पुनः संयोजक बनाया गया साथ ही उनके सहयोगी के रूप में बनवारीलाल शर्मा को सह संयोजक, तरुण त्रिवेदी को सचिव, पुखराज सुथार को सह सचिव, तरुण सिद्धावत को पुनः कोषाध्यक्ष, देवीलाल लोहार को सह कोषाध्यक्ष, कार्य म के व्यवस्था प्रमुख के लिये पुनः दिनेश जीनगर व सह व्यवस्था प्रमुख के लिये ओटाराम सोलंकी के नाम पर सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई। समिति की आगामी बैठक 12 मार्च को तिलक द्वार स्थित जलंधरनाथ धर्मशाला में आयोजित की जाएगी।

### प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक दिवसीय ट्रॉमा केयर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला लाइफलाइन फाउंडेशन वडोदरा तथा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, दिल्ली तथा एचडीएफसी बैंक का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल ने की। मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आयुष चिकित्सकों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी रूप से कार्य करने हेतु जीवनरक्षक प्राथमिक चिकित्सा कौशल में दक्ष बनाना था, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं सक्षम बनाया जा सके। कार्यशाला के विशेषज्ञ वक्ता के रूप में व्यास मेडिकल कॉलेज के लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन डॉ. यश परिहार एवं व्यास मेडिसिटी के एनेस्थीसिया विभाग की सीनियर रेजिडेंट डॉ. पूजा पाटिल द्वारा जीवनरक्षक तकनीकों, प्राथमिक चिकित्सा एवं ट्रॉमा मैनेजमेंट पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### आवड़दान चारण का स्वागत किया

**जालोर**, (कासं)। हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से संस्था प्रधान कार्यालय, संजय नगर कॉलोनी जालोर में मंगलवार को नवनियुक्त भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आवड़दान चारण के आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत एवं भव्य अभिनंदन किया गया। संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर आवडदान चारण का अभिनंदन किया गया तथा संगठन एवं समाजहित में उनके निरंतर सफल एवं प्रभावी कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त की गईं। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता एवं राष्ट हित में निरंतर कार्य करने के संकल्प को भी दोहराया गया। इस अवसर पर सुरेश सोलंकी, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, रवि सोलंकी, दिनेश महावर, दिलीप सोलंकी, दशरथसिंह भाटी, महेंद्र मुनौत, मुकेश राजपुरोहित, डॉ. मंजू मेघवाल, गीता बारोट, उर्मिला दर्जी, मूलसिंह चारण, उदयसिंह दादाल, हाजाराम देवासी, शैलेश शर्मा, कुंदनसिंह, मयंक देवडा, महेंद्र मीणा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आये सभी सम्मानित साथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### होली स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

**रेवदर**, (निसं) । आनंद दिव्य धाम श्री वीर आकोदिया हनुमान, चौहानगढ (गुजरात) में गोपाल महाराज के सान्निध्य में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में रेवदर के पूर्व विधायक जगसी राम कोली, भाजपा सिरोही जिला प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह देवडा, भाजपा भटाना मंडल अध्यक्ष कुलदीप रामपुरा, भाजपा मंडार मंडल अध्यक्ष अमराराम चौधरी, पूर्व रेवदर प्रधान कालूराम चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रावताराम चौधरी, जयदीप सिंह देवडा, मन की बात मंडल संयोजक अशोक पुरोहित, भैराराम चौधरी,भानाराम मेघवाल, राम सिंह अनादरा,दिनेश चौधरी (मकावल), वीपी सिंह भावरी, भंवर दास संत, मावाराम चौधरी, विरेंद्र डूडी सहित अनेक भक्त एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

### दिल्ली-जयपुर जालोर को जोड़ने की मांग

**जालोर**, (कासं)। जालोर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत ने रेल मंत्री अश्विन कुमार को ज्ञापन भेजकर जिला मुख्यालय जालोर को राजधानी दिल्ली व जयपुर रेल मार्ग से जोडने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि पांच माह पूर्व पाली में लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में आगामी तीन माह में जालोर व पाली को रेल सेवा से जोडने की घोषणा की थी, स्वीकृति को लेकर संबंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित भी किया होगा। पांच माह बाद भी रेल स्वीकृति नहीं होने सेघोषणा की ओर ध्यानाकर्षण चाहूँगा। आजादी से पूर्व के इस रेल मार्ग पर आदिनांक तक एक भी रेलगाडी राजधानी दिल्ली, जयपुर के लिए नहीं होने से पाली में की गई घोषणा से आस जगी थी।

### गंदे पानी को लेकर प्रदर्शन

**जोधपुर**, (कासं)। सिविल एयर पोर्ट रोड स्थित पाबूपुरा में पिछले कई दिनों से सप्लाई हो रहे गंदे पानी को लेकर आज क्षेत्रवासियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम का एडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में नलों में गंदा पानी आ रहा है। इस कारण समस्त क्षेत्र में कई लोग बीमार पड़ गए है। कई लोग पेट दर्द, उल्टी, दस्त से संबंधित बीमारियों से परेशान हो रहें है। जलदाय विभाग में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। ज्ञापन में नियमित पेयजल आपूर्ति की भी मांग की गई। उन्होंने गांव पाबूपुरा में पहले से बिछी पानी की पाइप लाइन को पुनः चालू करवाने की मांग की।

### आमंत्रण पत्र का विमोचन आज

**जोधपुर**, (कासं)। श्री पीपा जयन्ती महोत्सव के आमंत्रण पत्र का 11, फरवरी को बुधवार विजय चौक स्थित संत पीपाजी के मन्दिर प्रांगण में विमोचन किया जाएगा। श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट, रातानाडा के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया है कि इस वर्ष दो अप्रैल को समस्त देश में भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी।


**कार्यालय उप वन संरक्षक वन्यजीव, जैसलमेर**

**निविदा सूचना सं. 109/2025-26**

इस कार्यालय अधीन रेंज में विकास कार्य करवाने हेतु जारी निविदा का प्रकाशन दिनांक 09.03.2026 को राजकीय वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर अपलोड कर दिया है। निविदाओ का विवरण निम्नानुसार है:-

| NIB Code | UBN No. |
|---|---|
| FOR2526A4478 | FOR2526GSOB06165 |

उप वन संरक्षक
वन्यजीव, जैसलमेर


# शीतला माता को आज लगेगा ठंडे पकवानों का भोग

**जोधपुर**, (कासं)। कागा तीर्थ स्थित शीतला माता मंदिर में आज शीतला मां का मेला ध्वजारोहण के साथ शुरू हो गया। गाजे बाजों के साथ प्रथम पूज्य गणेश व माता शीतला के पूजन के बाद मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। यह मंदिर अमावस्या तक 24 घंटे खुला रहेगा। वहीं बुधवार को अष्टमी पर माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया जाएगा। घरों में भी शीतला माता, ओरी माता, अचपड़ाजी व पंथवारी माता का प्रतीक बनाकर पूजन किया जाएगा।

नागौरी गेट कागा की पहाडियों स्थित शीतला माता मंदिर में आज शाम बड़ा रामद्वारा के महंत रामप्रसाद महाराज के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया। जिसमें कई जन प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मेले में जोधपुर सहित आसपास के विभिन्न जिलों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आए। शीतला माता कागा तीर्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्मल कच्छवाहा ने बताया कि मेले के दौरान मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा।

मंदिर ट्रस्ट की ओर से मेले के दौरान महिलाओं-पुरुषों के लिए अलग-अलग दर्शन की व्यवस्था की गई है। मंदिर में जगह-जगह सीसी टीवी कैमरे लगाए गए है। प्रवक्ता कुलदीप गहलोत ने बताया कि मन्दिर परिसर मेले के दौरान पॉलीथिन मुक्त रखा गया है। वहीं सुरक्षा के लिहाज से मंदिर परिसर में सुरक्षा गार्ड और करीब 55 हाई क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बेरिकेडिंग भी की गई है। इसके अलावा पीने के पानी के लिए आरओ प्लांट भी लगाया गया है। कागा शीतला मेले में इस बार मनोरंजन के लिए कई आकर्षक झूले लगाए गए हैं। इनमें दो आकाश झूले, दो कोलंबस नाव, ब्रेक डांस झूले, बच्चों की टॉय ट्रेन, मिकी माउस, हाथी-घोड़े सहित करीब दस प्रकार के झूले शामिल हैं।

जोधपुर में शीतला माता का पूजन अष्टमी को किया जाएगा। शीतला अष्टमी के एक दिन पूर्व घरों में खासतौर पर बनाए गए करबा, राब, पंचकूटे की सब्जी, मठरी, दहीबड़े, आदि व्यंजनों को मां शीतला, ओरीमाता का पूजन व भोग के बाद बुधवार को बतौर प्रसादी के रूप में ठाहण की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस दिन जोधपुर सहित मारवाड़ के अधिकांश घरों में पूरे दिन तक चूल्हा नहीं जलता है।

### परकोटे के भीतर गूंजेगा श्लील गायन

धुलण्डी के दिन श्लील गायन की धूम मचने के बाद एक बार फिर शीतलाष्टमी के दिन परकोटे की गलियां श्लील गायन से गूंजेंगी। जोधपुर शहर के विभिन्न फाग मण्डलियों की ओर से पारपरिक श्लील गाली गायन की प्रस्तुतियां दी जाएगी व दशकों से चली आ रही परपरा में फिर से धमाल मचेगी। गेरिए विभिन्न श्लील गायन के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संदेश, हास्य व मनोरंजन प्रधान गालियों की प्रस्तुतियां देंगे।

### जालोर में शीतला सप्तमी का मेला

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में शीतला सप्तमी का मेला मंगलवार को भरा। जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित शीतला माता मंदिर में आयोजित मेले में भक्तो की भीड नजर आई।

जालोर में शीतला सप्तमी मेले को लेकर भक्तो में उत्साह नजर आया। शीतला सप्तमी मेले से पूर्व भक्तों ने बसोड़ा भोजन बनाया। जिसका भोग मंगलवार को लगाया गया। शीतला सप्तमी मेले को लेकर भक्तो ने शीतला माता की कथा का वाचन किया। वही दान पुण्य कर शीतला माता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्वि एवं खुशहाली की कामना की। शहर के शीतला माता मंदिर में शीतला सप्तमी का मेला आयोजित हुआ। जिसमें भक्तो ने माता के दर्शन पूजा अर्चना की।

मेले में विभिन्न प्रकार की दुकाने सजाई। बच्चों ने झूले मिक्की माउस आदि का भी जमकर आनंद लिया। मेले में जालोर शहर सहित आसपास के लोगो की काफी भीड नजर आई। वही शीतला माता के दर्शनार्थ भक्तो की रेलमपेल लगी। नगरपरिषद , पुलिस व प्रशासन ने मेला स्थल पर माकूल व्यवस्था की। जिससे भक्तो को किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नही हुई । ग्रामीण फाल्गुनी गीत गाते हुए मेला स्थल पहुंचे वही मेला स्थल पर गैर, लूर आदि नृत्य की धूम नजर आई। लोगो ने उत्साह व उमंग के साथ मेला का जमकर आंनद लिया। वही घरो में भी बसोडा भोजन का भोग लगाकर ग्रहण किया। जिलेभर में शीतला सप्तमी मेले को लेकर धुम मची रही।

### सायला में ग्रामीणों ने गेर नृत्य किया

**सायला** , (निसं)। सायला उपखंड मुख्यालय पर सायला की सुप्रसिद्ध सात दिवसीय गेर महोत्सव का मंगलवार को शीतला सप्तमी पर समापन हुआ।

गेर महोत्सव के तहत अन्तिम दिन शीतला माता चौक में दोपहर से ही गेरियो का पारंपरिक वेशभूषा धोती, कमीज व साफा में सजधज कर आने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर 2:30 बजे तक बडी संख्या में गेरिये एकत्रित हो गए।

इसके बाद शीतला माता के जयकारे के साथ गेरियों ने देशी ढोल की थाप पर नृत्य प्रारम्भ किया। गेर नृत्य के दौरान घुंघुरू व डंडियों की खनक से पूरा माहौल देखते ही बन रहा था। इस दौरान ग्रामीण भी करतल ध्वनि के साथ गेरियों का उत्साहवर्धन कर रहे थे। महिलाएं फाल्गुन के गीत गाती हुई लुर नृत्य कर रही थी। वही श्रद्धालुओं ने शीतला माता मन्दिर में दर्शन कर खुशहाली की कामना की।

नगरपालिका सायला की ओर से गेर स्थल पर पेयजल, छाया व साउंड की व्यवस्था की गई। साथ ही पुलिस की ओर से यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर माकूल बन्दोबस्त किए गए। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

धुलण्डी के दिन से शुरू होने वाली सात दिवसीय गेर नृत्य का आगाज पहले दिन पंचायत समिति रोड पर सांथुओं के वास व मेघवालो के पुराने वास में गेर नृत्य की प्रस्तुति के साथ होता हैं। इसके बाद प्रतिदिन विभिन्न जगहो पर गेर नृत्य होता है। जिसका समापन शीतला सप्तमी के मेले के अवसर पर होता है। यह गेर पूरे जिले में अपनी अलग ही पहचान रखती है। इस गेर नृत्य में गेरियों द्वारा पूर्ण अनुशासन का परिचय देते हुए दो कतारों में एक साथ नृत्य किया जाता हैं। वही गैर नृत्य को लेकर प्रवासी भी अपने घर आते है तथा गेर नृत्य में भाग लेते है।

सायला शहर सहित क्षेत्रभर में मंगलवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शीतला सप्तमी पर वीराणा बाईपास रोड स्थित शीतला माता मंदिर में अलसवेरे से ही महिलाओं द्वारा मंगलगीतो के साथ माताजी को भोग लगाने के लिए आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जो प्रातः 11 बजे तक जारी रहा। मंदिर में महिलाओं ने माताजी को ठंडे भोजन का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। इसके बाद महिलाओं ने माताजी की कथा का श्रवण कर ठंडे भोजन को ग्रहण किया।

### निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी, द्वारा मंगलवार को जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 72 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले।

निरीक्षण के दौराण सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इस के लिए सचिव भाटी द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे बन्दी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो इस संबंध में भी जानकारी ली गई ।

# जे.डी.ए. : बकाया राशि जमा करवाने का अन्तिम मौका

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 के तहत् विभिन्न योजनाओं में ईडब्ल्यूएस/ एलआईजी आवासों के आवंटियों द्वारा 31 मार्च 2026 तक बकाया राशि जमा करवाने पर ब्याज / पेनल्टी पर शत-प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।

प्राधिकरण सचिव चंचल वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 के तहत् खसरा संख्या 827/650 ठाम चौखा, खसरा संख्या 88 ठाम बड़ली, खसरा संख्या 100, 103 एवं 104 ठाम लोरडी पण्डित जी पैकेज 08, 09, 10 एवं 11 तथा खसरा संख्या 136 ठाम तनावड़ा फेस प्रथम एवं तनावड़ा फेस द्वितीय चरण में ईडब्ल्यूएस / एलआईजी आवासों के आवेदन पर आवंटन पत्र जारी किए गए थे। आवंटियों को निर्धारित समय सीमा में निर्धारित राशि संबन्धित योजना के एस्क्रो खाते में जमा करवायी जानी थी, जिससें योजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना था। प्राधिकरण सचिव चंचल वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 के आवंटियों को राहत प्रदान करने हेतु 31 मार्च 2026 तक बकाया राशि जमा करवाने पर ब्याज / पेनल्टी पर शत-प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। इस क्रम में प्राधिकरण की सीएमजेवाई योजनाओं में जिन आवंटियों द्वारा आवास आवंटन के पश्चात् निर्धारित समयावधि में किस्ते जमा नहीं करवाई गई, प्राधिकरण द्वारा उनको अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

आवंटियों द्वारा 31 मार्च 2026 तक बकाया समस्त किस्त राशि योजना के एस्क्रो खाते में जमा करवाकर राशि जमा की रसीद जेडीए कार्यालय के कमरा सं. 106 में प्रस्तुत करें तथा अन्य किसी प्रकार की जानकारी के लिए जेडीए कार्यालय के कमरा सं. 106 में सम्पर्क करें।

### बीकानेर से आई महिला के पर्स चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। बीकानेर के श्री डूंगरगढ़ की रहने वाली एक महिला 7 मार्च को जोधपुर एक शादी में शामिल होने आई। रिसोर्ट में चल रही शादी में भीड़ के बीच किसी शातिर ने उसके बैग से दो पर्स चुरा लिए।

एक में रूपए थे तो दूसरे में सोने चांदी के आभूषण थे। शातिर ने बैग की चेन खोलकर वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय बैग भी महिला के हाथ में ही था।

फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने के हैडकांस्टेबल रतनाराम ने बताया कि बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में आडसर की रहने वाली मंजू देवी पत्नी चैनसिंह राजपुरोहित अपने परिचित के शादी समारोह में शामिल होने के लिए 7 मार्च को जोधपुर आई थी।

### आरोग्य मेले का पोस्टर जारी

**पाली**,(नि.सं.)। संभाग स्तरीय आरोग्य मेला - 2026 जिला प्रशासन एव आयुर्वेद विभाग पाली के रामलीला मैदान में 12 से 15 मार्च तक आरोग्य मेले का आयोजन किया जायेगा।

मंगलवार को जिला कलक्टर कार्यालय में जिला कलक्टर एल एन मंत्री, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग ओम प्रभा, आयुर्वेद उप निदेशक डॉ बजरंग लाल शर्मा एव डॉ शिव कुमार शर्मा के द्वारा चार दिवसीय मेले के पोस्टर का विमोचन किया गया ।

आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि मेले में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर विशाल स्वास्थ्य मेला 12 मार्च से 15 मार्च 2026 तक पाली के रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धितयों द्वारा निःशुल्क परामर्श, उपचार और औषधियां प्रदान की जाएंगी।

मेले में 13 से 14 मार्च 2026 दो दिन शाम 7 बजे भव्य संस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कलाकार भाग लेंगे। सांस्कृतिक आयोजन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के सौजन्य से किया जाएगा।

पोस्टर विमोचन के अवसर पर पूर्व सहायक निदेशक स्कूल शिक्षा, सोहन लाल भाटी, डॉ हरिकिशन वैष्णव एव वरिष्ठ सहायक तेज करण चौधरी इत्यादि उपस्थित थें।

मेले में निःशुल्क जांच गैर संक्रामक रोगों के लिए स्क्रीनिंग (बी.पी. और शुगर की जांच),औषधि निर्माताओं द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री,विशेषज्ञों द्वारा जटिल और गंभीर रोगों की निःशुल्क चिकित्सा आदि कार्य होंगे।

# मठ कनाना में ध्वजारोहण किया

**बालोतरा**, (जबरु)। बालोतरा के निकट श्री मठ कनाना में आयोजित होने जा रहे 1008 कुंडात्मक श्री ललिता महायज्ञ एवं सहस्त्र कुंडीय महायज्ञ के अंतर्गत रविवार को यज्ञशाला परिसर में विधिवत ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम तुलछाराम महाराज, निर्मलदास महाराज, महंत परशुराम गिरि महाराज, महंत चेतन गिरि जी महाराज एवं अन्य संत-महात्माओं के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ।

ध्वजारोहण कार्यक्रम के लाभार्थी नैना राम जी सुपुत्र पाताराम जी भोंड परिवार, कनाना रहे। इस अवसर पर संत-महात्माओं के सान्निध्य में यज्ञशाला पर ध्वजा स्थापित कर महायज्ञ की सफलता एवं लोककल्याण की मंगलकामना की गई।

कार्यक्रम में समस्त क्षेत्रवासीयों एवं बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर महंत परशुराम गिरि महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए शीलता माता मेले की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की।

गौरतलब है कि 1008 कुंडात्मक श्री ललिता महायज्ञ एवं माँ सरस्वती मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन 22, 23 एवं 24 मार्च 2026 को श्री मठ कनाना में आयोजित होगा, जिसमें देशभर से संत-महात्माओं एवं बडी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।

### कनाना में शीतला माता का मेला आज

बालोतरा जिले के कनाना गांव में आज ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध शीतला सप्तमी मेले का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह है और सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे। मेले में दूर-दराज के गांवों से आए श्रद्धालु शीतला माता की विशेष पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना करेंगे। मान्यता के अनुसार आज के दिन ठंडा भोजन शीतला माता को अर्पित किया जाता है।

मेले का मुख्य आकर्षण यहाँ का पारंपरिक गैर नृत्य होगा। अलग-अलग गांवों से आए गैर दलों के नर्तक अपनी पारंपरिक वेशभूषा में ढोल की थाप पर शानदार प्रस्तुतियां देंगे, जिसे देखने के लिए भारी भीड उमडने की उम्मीद है।

दोपहर में विभिन्न मंडलियों द्वारा गैर के घेरे बनाए गये। दोपहर बाद भव्य धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें संत-महात्मा और स्थानीय विधायक अरुण चौधरी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

पुलिस विभाग द्वारा अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी और सादा वर्दी में पुलिस बल तैनात है।

# डिम्पल चौहान की भारतीय प्रशासनिक सेवा में 131 वीं रैंक, जीनगर समाज में खुशी

**जालोर**, (कासं)। जीनगर समाज शिक्षा एवं सर्वांगिण विकास संस्थान जालोर ने भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में 131वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन करने वाली डिम्पल चौहान का स्वागत किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष पोकाराम सोलंकी के नेतृत्व में जालोर के जीनगर समाज के वरिष्ठ एवं युवा समाज बंधुओं ने उनके निवास पर जाकर आईएएस में चयनित डिम्पल चौहान का स्वागत और सम्मान किया। डिम्पल चौहान डॉ. रमेश चौहान और सरोज चौहान (जीनगर) की पुत्री हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर समाज के लोगों ने उन्हें माला पहनाकर, साफा बांधकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष पोकाराम सोलंकी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछडे क्षेत्र में पढकर जीनगर समाज की डिम्पल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में 131 वीं रैंक हासिल कर समाज का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढी के युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित होगी। समाज बंधुओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डिम्पल की आठवी तक शिक्षा जालोर में हुई इसके बाद उदयपुर व कोटा में पढाई की। तथा वर्तमान में वह दिल्ली में ट्रेड एवं कर विभाग में सहायक आयुक्त नियुक्त है।

डिम्पल के आईएएस में चयन होने पर अध्यक्ष पोकाराम सोलंकी सहित समाज के कई वरिष्ठ एवं युवा सदस्य ने एक स्वर में कहा कि डिम्पल चौहान ने अपनी मेहनत और लगन से समाज का नाम रोशन किया है। इस दौरान जीनगर समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेडियम में महिला मैत्री क्रिकेट मैच हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी की पहल पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेडियम में महिला कर्मचारियों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इसमें जोधपुर मंडल कार्यालय की टीम ने जोधपुर रेलवे कारखाना टीम को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

दूधिया रोशनी में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जोधपुर रेलवे कारखाना की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 47 रन बनाए और मंडल कार्यालय की टीम को 48 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंडल कार्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 49 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि महिला कर्मचारियों के लिए आगे भी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि उनमें खेल भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिल सके।

प्रारंभ में महिला कल्याण संगठन की मंडल अध्यक्ष निष्ठा त्रिपाठी ने दोनों टीमों की महिला खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व मैच का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य कारखाना प्रबंधक रवि मीणा, मंडल खेलकूद अधिकारी विक्रम सिंह सैनी, महिला कल्याण संगठन की मंडल अध्यक्ष निष्ठा त्रिपाठी तथा सहायक कार्मिक अधिकारी भंवर सिंह मीणा, कर्मचारी कल्याण निरीक्षक अनिल चानना व प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को बताई संगठन की नीतियां

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश निर्देशानुसार आज पावटा स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में भारतीय जनता पार्टी दक्षिण देहात के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ।

प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र कुमावत थे। मुख्य वक्ता ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कुमावत ने संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अति महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के साथ अच्छे वक्ता, नेता एवं जनप्रतिनिधियों को भी तैयार किया जाता है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य भारतीय जनता के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना है जिससे यह सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंडल शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तर पर जाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे।


